गुजरात के वडोदरा की रहने वाली २४ साल की क्षमा बिंदू की ११ जून को खुद से शादी है. गुजरात में संभवत: यह पहला स्व-विवाह होगा।

खुद से शादी करना अंग्रेजी में सोलगैमी कहलाता है।

हर लड़की का सपना होता है कि उसकी शादी उसकी पसंद के दूल्हे से हो। वडोदरा की यह चौबीस वर्षीय क्षमा बिंदु नामकी लड़की भी शादी करना चाहती है, दुल्हन के रूप में तैयार है, लेकिन दूल्हे के बिना। कई लोगो को यकीन नही आयेगा लेकिन वडोदरा की रहने वाली २४ साल की महिला ११ जून को खुद को खुद से शादी करने जा रही है. उनकी शादी में मेहमान आयेंगे, परिवार भी होगा, दोस्त भी होगे लेकिन दूल्हा नही होगा। क्षमा के अनुसार गुजरात में यह पहला स्व विवाह हो सकता है।

क्षमा ने अन्य लड़कियों की तरह दुल्हन बनने का सपना देखा था लेकिन वह शादी नहीं करना चाहती थी। इसलिए उसने बिना दूल्हे के शादी करने का फैसला लिया। क्षमा इस विवाह को आत्मनिर्भरता और स्व-प्रेम की ओर एक कदम के रूप में देखती है। उसने यह पता लगाने के लिए कुछ ऑनलाइन खोज की कि क्या देश में किसी महिला ने खुद से शादी की है, लेकिन उसे कुछ नहीं मिला।वह देश की पहली लड़की हो सकती है जिसने खुद से शादी की हो।

उसने शादी की सारी तैयारियां कर ली हैं। ११ जून को वडोदरा के एक मंदिर में उनकी शादी होगी। वह शादी के बाद हनीमून पर भी जाएंगी। इसके लिए उसने गोवा को चुना है। उनके इस फैसले से परिवार को कोई आपत्ति नहीं है। माता-पिता ने शादी का आशीर्वाद दिया है।

खबरों के लिए हमारी चेनल से चूड़े रहिए।